नवभारत

नई शिक्षा नीति से महाशक्ति बनेगा भारत

नवभारत मार्गदर्शक स्कूल समिट समारोह का शुभारंभ

नागपुर. नवभारत मार्गदर्शक स्कूल समिट-22 का आयोजन आईआईएम नागपुर में किया गया. देशभर से आये शिक्षा जगत के दिग्गजों ने नई शिक्षा नीति पर महामंथन किया. वक्ताओं का मानना था कि नई शिक्षा नीति से स्कूली शिक्षा सहित हर स्तर पर आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिलेगा. बच्चे ज्यादा आत्मनिर्भर बनेंगे. मानसिक, शारीरिक रूप से सशक्त होंगे. उन्हें मजबूत बनाने पर बल दिया गया. वक्ताओं ने कहा कि बच्चों में शिक्षा और ज्ञान न थोपा जाए और बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार शिक्षा प्रदान करने की पहल नई शिक्षा नीति में है. 'नवभारत' व एसआरएम यूनिवर्सिटी द्वारा प्रस्तुत समिट की शुरुआत नवभारत के प्रबंध संपादक श्री निमिष माहेश्वरी, आईआईएमएन के निदेशक भिमराया मैत्री, सेना के सेवानिवृत्त ले. जनरल आर.आर. निभोंरकर, एसआरएम यूनिवर्सिटी (एपी) के डीन डॉ. बी.वी. बाबू, आरटीएम विवि के वीसी डॉ. सुभाष चौधरी, इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पी. शिवस्वरूप, माउंट लिटेरा जी स्कूल के नेशनल हेड गौतम लचिरामका द्वारा दीप प्रज्वलन व कॉफी टेबल बुक के फ्रंट कवर के अनावरण से हुई.

Nagpur-metro Edition
01-july-2022 Page No.
epaper.enavabharat.com